मेरे मन में बाबा श्याम | By Srishti Solanki

मेरे मन में बाबा श्याम
मेरे तन में बाबा श्याम
मेरे मन को तो भाया बाबा श्याम है
मेरी नज़रों में समाया मेरा श्याम है

दुनिया के खेल निराले है नहीं मिलते यहाँ किनारे हैं
मेरी नैया का मांझी बाबा श्याम है
मेरी नज़रों में समाया मेरा श्याम है
मेरे मन में बाबा श्याम.....

जब जब दुनिया से हारा तब तब तुमको ही पुकारा
तूने गिरते हुए को लिया थाम है
मेरी नज़रों में समाया मेरा श्याम है
मेरे मन में बाबा श्याम.....

कहते हारे का सहारा तू तो सबका पालनहारा
हम सब प्रेमियों की तू ही तो पहचान है
मेरी नज़रों में समाया मेरा श्याम है
मेरे मन में बाबा श्याम.....

तेरी ज्योत मैं जलाऊ तुझको नित नित शीश नमाऊं
बाबा सृष्टि का ये जीवन तेरे नाम है
मेरी नज़रों में समाया मेरा श्याम है
मेरे मन में बाबा श्याम.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-srishti-solanki/